**खबर संक्षेप**

### जिला में पेट्रोल-डीजल व गैस की आपूर्ति सामान्य

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने स्पष्ट किया है कि जिला में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और घबराने की आवश्यकता नहीं है। उपायुक्त ने कहा कि उपभोक्ताओं को नियमानुसार 25 दिन के अंतराल के बाद गैस सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है। उन्होंने लोगों से अनावश्यक भंडारण न करने की अपील करते हुए कहा कि इससे बाजार में कृत्रिम कमी पैदा हो सकती है।जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मुकेश कुमार ने बताया कि जिला में 41 गैस एजेंसियों के माध्यम से नियमित आपूर्ति की जा रही है। प्रतिदिन 11867 घरेलू और 260 व्यावसायिक सिलेंडरों की खपत के मुकाबले 13024 सिलेंडर हैं।

### साइबर सुरक्षा पर हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

**करनाल।** बाबा राम दास विद्यापीठ, कुलवेहड़ी में शिक्षकों के लिए साइबर सुरक्षा विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल युग में सुरक्षित रहने के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम का संचालन आर.पी. नीनू चांदना द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य नीनू चांदना के मार्गदर्शन में आयोजित यह प्रशिक्षण ज्ञानवर्धक रहा।प्रशिक्षण में ऑनलाइन डाटा की सुरक्षा, मजबूत पासवर्ड का उपयोग, साइबर अपराधों से बचाव और डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

### किसान प्रशिक्षण शिविर में 48 ट्रैक्टर वितरित

**करनाल।** असंध की नई अनाज मंडी में आयोजित किसान प्रशिक्षण शिविर में विधायक योगेंद्र राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति के पात्र किसानों को लकी ड्रा के माध्यम से लगभग 48 ट्रैक्टर वितरित किए गए। विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि सरकार किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत और आधुनिक तकनीक से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ट्रैक्टर पर 3 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी, जबकि शेष राशि किसान द्वारा वहन की जाएगी। शिविर में कृषि और पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक खेती, जल संरक्षण और मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. संजय अंतिल, डॉ. वजीर सिंह, डॉ. रूपिन्द्र, डॉ. कुलबीर खतरी, डॉ. तरसेम राणा, डॉ. बलदेव राज, डॉ. श्याम सिंह आदि उपस्थित रहे।

### अयोध्या दर्शन के लिए 26 मार्च को चलेगी ट्रेन

**करनाल।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सत्यवान ने बताया कि हरियाणा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत 26 मार्च को अयोध्या के लिए विशेष रेलगाड़ी चलाई जाएगी। इस योजना के अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के पात्र नागरिकों को निशुल्क यात्रा करवाई जाती है। यह रेलगाड़ी अंबाला से रवाना होकर कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, सोनीपत और दिल्ली में भी रुकेगी, जहां से श्रद्धालु सवार हो सकेंगे।

## बारिश व तेज हवाओं से खेतों में बिछी फसल किसानों ने जताई नुकसान की आशंका

# बूंदा-बांदी व हल्की बारिश ने बढ़ाई ठंड, शहरों में सड़कें पानी-पानी

जिले भर में दिनभर हुई रुक-रुक कर हुई बूंदाबांदी से सड़कों पर बना कीचड़, राहगीरों को करना पड़ रहा परेशानी का सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर। हल्की बारिश में भीगते हुए अपने गंतव्य पर जाते हुए राहगीर।

जिले में शुक्रवार को दिन भर रुक रुक कर बूंदा बांदी और हल्की बारिश होने से मौसम में ठंडक बढ़ गई। इस दौरान लोगों ने एक बार फिर गर्म कपड़े पहन कर ठंड से राहत की सांस ली। वहीं, किसानों ने बूंदा बांदी व हल्की बारिश होने से खेतों में पहले से नीचे बिछी गेहूं व सरसों की फसल में नुक्सान होने की आंशका जताई है। किसानों के मुताबिक यदि इसी तरह आगे भी मौसम खराब रहा तो उनकी खेतों में बिछी गेहूं व सरसों की फसल को भारी नुक्सान होगा।

शुक्रवार सुबह लोग जब नींद से जागे तो आसमान में बादल छाए हुए थे और मंद मंद हवा चल रही थी। मगर कुछ देर के बाद बूंदा बांदी शुरु हो गई और मौसम में ठंडक बढ़ गई। जिले में दिन भर रुक रुक कर कहीं हल्की बारिश हुई तो कई स्थानों पर बूंदा बांदी हुई। आलम यह रहा कि जिले में दिन भर हल्की व बूंदा बांदी होने से सड़कों पर कीचड़ बन गया और राहगिरों को परेशानियों का सामाना करना पड़ा। बारिश के कारण शहर की सभी सड़के तालाब बनी नजर आई। जिसके कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जिले में हुई बारिश के कारण किसानों को फसलों में नुकसान झेलना पड़ रहा है। बीते दिनों बारिश के साथ तेज हवाओं के कारण खेतों में गेहूं व सरसों की फसल जमीन पर बिछ गई, जिससे किसानों को काफी नुकसान हुआ। अब खेतों में बिछी हुई पर हो रही बूंदाबांदी से किसानों को और अधिक नुकसान झेलना पड़ेगा। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कई जिलों में 21 मार्च को भी बूंदाबांदी के आसार बताए जा रहे है। इस बार बारिश किसानों पर कहर बरसा रही है। किसानों ने बारिश के चलते सरकार से तुरंत गिरदावरी करके फसल मुआवजे की मांग की है।

### खेतों में पहले से बिछी गेहूं को होगा नुक्सान

किसान महावीर सिंह, सतपाल, मोहन लाल, संदीप व विरेंद्र आदि ने बताया कि जिले में सप्ताह भर पहले तेज हवा चलने और बारिश होने से अधिकांश खेतों में गेहूं व सरसों की फसल नीचे बिछ गई थी। जिसे लेकर किसान चिंतिंत हो गए थे। मगर अब एक बार फिर शुक्रवार को दिन भर बूंदा बांदी व हल्की बारिश होने से उनकी चिंताएं बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि खेतों में बिछी गेहूं की फसल में यदि इसी तरह बूंदा बांदी और हल्की बारिश जारी रही तो उनकी फसल में भारी नुक्सान हो सकता है। व्यासपुर क्षेत्र के किसान रामबीर, सतबीर सिंह, गुरदायल, सतविंद्र सिंह, रामपाल व सुभाष आदि ने बताया कि जिस समय फसलों में बारिश की जरूरत थी तब तो बारिश नहीं हुई। लेकिन जब गेहूं पकने को खेतों में तैयार खड़ी है मौसम ने उनकी चिंताएं बढ़ा दी हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिन से मौसम खराब चल रहा है और बूंदाबांदी होने से गेहूं की फसल में नुक्सान होने की संभावना बन गई है।

### तापमान में दर्ज हुई बड़ी गिरावट

पिछले दो दिन से लगातार हो रही बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग के सूत्रों की मानें तो शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 17 व न्यूनतम 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। संभावना है कि अगले कुछ दिन तक हवाओं के कारण मौसम में ठंडक बनी रहने की आशंका जताई जा रही है। आगामी दिनों में बारिश की संभावना है।

# घरेलू गैस के स्टाक में नहीं कोई कमी : कुमार


रादौर। गैस एजेंसी के गोदाम के बाहर लगी हुई उपभोक्ताओं की लाइन।

- तहसीलदार रादौर के अशोक कुमार के नेतृत्व में टीम ने गैस एजेसिंयों का निरीक्षण कर जांचा घरेलू गैस सिलेंडरों का स्टाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

घरेलू गैस का व्यावसायिक प्रयोग रोकने के लिए खाद्यपूर्ति विभाग रादौर के सब इंस्पेक्टर विक्रम सिंह व तहसीलदार अशोक कुमार ने टीम के साथ क्षेत्र स्थित चारों गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने एजेसिंयों पर गैस सिलेंडरों के स्टाक की जांच की।

खाद्यपूर्ति विभाग के सब इंस्पेक्टर विक्रम सिंह व तहसीलदार अशोक कुमार ने टीम के साथ सबसे पहले रादौर में स्थित दो गैस एजेंसियों में पहुंचकर निरीक्षण किया। इसके बाद टीम ने जठलाना व गुमथला में स्थित गैस एजेंसियों में घरेलू गैस सिलेंडरों के स्टाक का निरीक्षण किया। मौके पर टीम ने खाली व भरे हुए सिलेंडरों के स्टॉक का मिलान किया। उन्होंने एजेंसियों के मालिको को नियमानुसार उपभोक्ताओं को सिलेंडर दिए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार रादौर अशोक कुमार ने कहा कि रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। जरूरत के अनुसार ही उपभोक्ता रसोई गैस लें। जिससे सभी को समय पर गैस मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रशासन के साथ सहयोग करें। जिससे सभी को समय पर गैस की सप्लाई मिल सके। उधर, अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान गैस एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी लाइन लगी हुई थी और वह गैस सिलेंडर मिलने की इंतजाम में घंटो से लाइन में लगे हुए थे। मौके पर गैस एजेंसी के प्रबंधक हरीश गर्ग ने बताया कि रसोई गैस की कोई किल्लत नहीं है। बहुत से उपभोक्ता बिना जरूरत के भी रसोई गैस लेने के लिए लाइनो में लगे है। नियमानुसार सभी को गैस सप्लाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पहले से अधिक गैस की सप्लाई हो रही है। इसके बावजूद लोग अधिक से अधिक रसोई गैस स्टॉक करने में लगे हुए हैं।

# किसानों की मेहनत के एक-एक दाने की होगी खरीद : आहूजा

- रबी फसलों की खरीद को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर। रबी सीजन की फसलों में बैठक में उपस्थित अधिकारी।

जिले में रबी सीजन की फसलों की खरीद को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने कहा कि रबी खरीद सीजन का कार्य एक अप्रैल 2026 से शुरू होने जा रहा है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समुचित रूप से सभी अनाज मंडियों में मूलभूत सुविधाओं का प्रबंध पहले से करवाना सुनिश्चित करें, ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न आएं और जो भी कार्य हैं उन्हें समय रहते पूरा कर लें। उन्होंने कहा कि रबी सीजन-2026 के तहत मंडी में फसल बेचने के लिए मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर विवरण दर्ज कर बायोमैट्रिक प्रणाली सत्यापन के बाद ही गेट पास जारी करें। उन्होंने कहा कि किसानों को सुबह 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक गेट पास जारी किया जाएगा। इसलिए किसान निर्धारित समय में ही अपनी फसल लेकर आए। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर पर फ्रंट नम्बर प्लेट होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद के कार्य प्रदेश सरकार द्वारा तय मानकों के अनुसार ही करें।

### विक्रमी संवत पर नगर में निकाली शोभा यात्रा

**यमुनानगर।** विक्रमी संवत 2083 के पावन अवसर पर श्री क्षेत्रपाल खेड़े बाबा सेवक परिवार द्वारा खेड़ा बाजार, जगाधरी शहर में भव्य नववर्ष महोत्सव का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। भवन में दीप स्थापना एवं पूजन कार्यक्रम अर्ध नागेश्वर समाज द्वारा विधिवत संपन्न हुआ। इस अवसर पर सहायक शिक्षा अधिकारी कर्नल परमार उनकी पत्नी सहित तथा एचएचओ राजेंद्र मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस पावन यात्रा में ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश के स्वरूप में आदि बद्री से पधारे दंडी स्वामी विनय स्वरूप महाराज केदारनाथ से पधारे शास्त्री तथा सुराजकुंड मंदिर अमादलपुर से पधारी शिव चैतन्य माता माँ भगवती के रूप में रुद्र शक्ति माताजी की गरिमामयी उपस्थिति रही। श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

# अधिकारी आमजन की शिकायतों का त्वरित आधार पर करें समाधान: रंजन

- प्रधान सचिव राजीव रंजन ने अधिकारियों को शिकायतों के समाधान को लेकर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित बैठक में भाग लेते अधिकारी।

जिला सचिवालय में शुक्रवार को समाधान शिविर, जन संवाद, सीएम विंडो व एसएमजीटी में प्राप्त शिकायतों के निपटान को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया। बैठक में हरियाणा सरकार के प्रधान सचिव राजीव रंजन ने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

रंजन ने कहा कि अधिकारियों द्वारा शिविरों में प्राप्त हर शिकायत को समयबद्ध ढंग से उसका समाधान करवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से समाधान प्रकोष्ठ में किन किन विभागों से संबंधित समस्याएं अधिक आ रही हैं। कितनी शिकायतें लंबित हैं व अन्य संबंधी विषयों से जुड़ी विस्तार से जानकारी ली। मौके पर उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों का निपटान त्वरित आधार पर करने के निर्देश दिए। मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन जिन विभागों की समाधान शिविरए जन संवाद, सीएम विंडो व एसएमजीटी से संबंधित जो भी शिकायतें है उनका जल्द से जल्द निवारण करें। ताकि उचित पात्रों को हरियाणा सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों का लाभ मिल सके।

### छात्रा गगनदीप ने जीती पोस्टर प्रतियोगिता

**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कालेज यमुनानगर में गुरु हरराय व इको क्लब के सहयोग से वर्ल्ड वाटर डे के अवसर पर शुक्रवार को पानी बचाओ जिंदगी बचाओ विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरविंदर भल्ला ने किया। प्राचार्य डॉ. अरविंदर भल्ला ने बताया कि प्रतियोगिता में कालेज के विभिन्न विभागों के 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा गगनदीप ने पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी की जैस्मीन और बीए प्रथम वर्ष के वंश ने एक के बाद एक दूसरा और तीसरा इनाम जीता। इस अवसर पर डॉ.अमरजीत सिंह, ज्ञान भूषण, डॉ. नीलम बहल, डॉ. वर्षा निगम, डॉ. अमनदीप कौर व पूनम भसीन आदि मौजूद रही।


यमुनानगर। पुरस्कार प्राप्त कर स्टाफ सदस्यों के साथ खुशी जताते हुए।

# घरेलू गैस सिलेंडरों का नहीं होने दिया जाएगा व्यावसायिक प्रयोग: आहूजा

- जिला प्रशासन ने घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक प्रयोग रोकने के लिए सात टीमों का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर। टीमों की जानकारी देते अतिरिक्त उपायुक्त नवीन अहूजा। *फोटो : हरिभूमि*

जिला प्रशासन द्वारा जिले में व्यावसायिक व घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए और घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक प्रयोग रोकने के लिए सात टीमों का गठन किया गया है। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने बताया कि उपमंडल अधिकारी (ना) जगाधरी विश्वनाथ की अध्यक्षता में टीमों का गठन किया गया है। टीम नंबर एक में बीडीपीओ सरस्वती नगर श्याम लाल, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के निरीक्षक विक्रांत कुमार, सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार की ड्यूटी शशि गैस एजेंसी, अमरीक गैस एजेंसी, जगदम्बे गैस एजेंसी, सरस्वती गैस एजेंसी व देवेंद्र गैस एजेंसी सहित घरेलू गैस एजेंसी व टीम नंबर दो में तहसीलदार जगाधरी अमित बेनीवाल, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के उप निरीक्षक अजीत सिंह व सहायक उप निरीक्षक चमन लाल की सतगुरु गैस एजेंसी, विद्या भारत गैस, ओम साई भारत गैस, कमल भारत गैस व अमृत गैस एजेंसी पर नजर रखने के लिए ड्यूटी लगाई गई है। टीम नंबर तीन में मार्केट कमेटी के सचिव मोहित बेरी, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के उप निरीक्षक विजय कुमार व उप निरीक्षक राकेश कुमार की लक्ष्मी गैस सर्विस, अम्बे इंटरप्राइजेज, सच्चिदानंद गैस, हरिहर गैस व कावेरी गैस एजेंसी पर घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग न हो इस पर नजर रखने के लिए ड्यूटी लगाई गई है।


रादौर। जेएमआईईटीआई कॉलेज में ड्रोन बनाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### जेएमआईईटीआई ने टेक्नोवा 2026 में पाया तृतीय स्थान

**रादौर।** जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर के छात्रों ने डी क्रस्ट मुरथल में आयोजित टेक्नोवा 2026 के प्रोजेक्ट एक्सपो में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं एसआरएम यूनिवर्सिटी में आयोजित प्रतियोगिता वर्ज2के26 के अंतर्गत वेलोसिटी ड्रोन रेस में कालेज के छात्रों इतेश, लक्षित व अंकित ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। यह परियोजना क्वाडकॉप्टर ड्रोन के डिजाइन व विकास पर आधारित है, जो रक्षा एवं निगरानी कार्यों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। यह ड्रोन आएस 2312.920केवी ब्रशलेस मोटर्स व 4एस एलआईपीओ बैटरी से संचालित होता है तथा रेडियलिंक क्रोसलिंक फ्लाइट कंट्रोलर एवं 40, ईएससी सिस्टम से नियंत्रित किया जाता है। मौके पर निदेशक डा. विवेक शर्मा, विभागाध्यक्ष उपासना सूद, रोबोटिक्स लैब इंचार्ज डॉ. नेहा ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# श्रद्धालुओं ने मां के दूसरे स्वरूप ब्रह्माचारिणी शक्ति की अराधना की

- दूसरे नवरात्र पर भी मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर। ज्वाला माता मंदिर में दर्शन के लिए लाइनों में खड़े श्रद्धालु।

चैत्र शुक्ल पक्ष के द्वितीय नवरात्र पर शुक्रवार को भी जिले भर के मां के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने मां के दूसरे स्वरूप ब्रह्माचारिणी की अराधना की। खास बात यह रही कि दूसरे नवरात्र पर यमुनानगर की सीमा पर त्रिलोकपुर में स्थित मां बाला सुंदरी के मंदिर में करीब 50 हजार श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां को नारियल, चुनरी व अन्य सामग्री चढ़ाकर मां की पूजा अर्चना की।

### ब्रह्माचारिणी का स्वरूप है ज्योतिर्मयी

श्रीदुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित लछमन दास शास्त्री का कहना है कि ब्रहम में लीन होकर तप करने के कारण मां के दूसरे स्वरूप को ब्रह्माचारिणी कहा जाता है। मां का यह स्वरूप ज्योतिर्मयी एवं भव्य है। मां के इस दिव्य स्वरूप का ध्यान हमारे विचारों का परिमार्जन करता है। नकारात्मकता से दूर कर हमारे भीतर सकारात्मकता का संचार करता है। हमें जीवन के कठिन संघर्षों में भी धैर्य, आशा व विश्वास के साथ आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि मां के इस स्वरूप की अराधना करने से व्यक्ति संकटो से मुक्ति पा लेता है।

## कथा समापन पर मृदुल महाराज ने समझाया मित्रता का अर्थ

# श्रीकृष्ण व सुदामा के जीवन से समझाई मित्रता: मृदुल

हनुमान मंदिर रामपुरा में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर। कथा समापन पर सेवकों को सम्मानित करते मृदुल महाराज।

श्री हनुमान मंदिर रामपुरा कॉलोनी में चल रही सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन हो गया। कथा के समापन पर कथाव्यास स्वामी चैतन्य मृदुल महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता के महत्व समेत विभिन्न लीलाओं का प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। कथा के समापन पर हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। कथाव्यास स्वामी चैतन्य मृदुल महाराज ने फरमाया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी के जीवन चरित्र से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र से मिलने के लिए द्वारिका जाते हैं। इस दौरान सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछते हैं और महल की ओर बढ़ने लगते हैं तो द्वार पर द्वारपालों द्वारा उन्हें भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया जाता है। तब सुदामा ने द्वारपालों को समझाया कि वह कृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे। सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया। दोनों की ऐसी मित्रता देखकर वहां मौजूद सभी लोग अचंभित हो गए। भगवान कृष्ण ने सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया। उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। उन्होंने कहा कि जब जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है। प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। अगले प्रसंग में शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई।

## खबर संक्षेप



लाडवा। माता शाकुम्भरी देवी मंदिर में महायज्ञ में आहुतियां डालते मुख्य यजमान कैलाश सैनी व सचिन गर्ग।

### धार्मिक आयोजनों से भाईचारा होता है मजबूत

**लाडवा।** गांव बन मोड़ स्थित माता शाकुम्भरी देवी मंदिर में चल रहे सहस्त्र चंडी पूजन व महायज्ञ के दूसरे दिन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी मुख्य यजमान के रूप में पहुंचे। उनके साथ समाजसेवी सचिन गर्ग ने विशिष्ट अतिथि के रूप में यज्ञ में भाग लेते हुए हवन कुंड में आहुतियां डालीं और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्य यजमान कैलाश सैनी ने कहा कि माता शाकुम्भरी देवी की कृपा से ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारे और एकता की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि इस महायज्ञ में शामिल होकर उन्हें आत्मिक शांति की अनुभूति हुई है।

### जजपा की रैलियों ने बदला राजनीतिक समीकरण

**कुरुक्षेत्र।** जननायक जनता पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष राजेश पायलट ने कहा कि पिछले तीन महीनों के भीतर हरियाणा की



राजनीति में एक बड़ा बदलाव आया है और जेजेपी ने अपनी जड़ों को फिर से मजबूत कर लिया है। जेजेपी युवा जिलाध्यक्ष राजेश पायलट ने कहा कि 7 दिसंबर को जुलाना की स्थापना दिवस रैली और अब 13 मार्च को हांसी में आयोजित विशाल जनसभा ने यह साबित कर दिया है कि जननायक जनता पार्टी का आधार आज भी अडिग है। उन्होंने कहा कि शहीदी दिवस के अवसर पर जेजेपी द्वारा 23 मार्च को जींद की नई अनाज मण्डी में प्रदेश स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रदेशभर से युवा कार्यकर्ता रक्तदान कर शहीदों को नमन करेंगे।



### मंदिर निर्माण के लिए दिया 51 हजार का दान

**कुरुक्षेत्र।** गांव दयालपुर में भगवान महर्षि कश्यप के भव्य मंदिर निर्माणधीन में शुक्रवार को सितेन्द्र गीतू कश्यप ने 51 हजार रुपये की दान राशि देकर मंदिर निर्माण में सहयोग किया। महर्षि कश्यप सेवा समिति ने सबसे पहले मुख्यातिथि का फूलमाला से स्वागत किया। सितेन्द्र ने कहा कि दान की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। महर्षि कश्यप हमारे आराध्य अतिशीघ्र मंदिर निर्माण का होगा। इस अवसर पर महर्षि कश्यप सेवा समिति के सरंक्षक जादा राम कश्यप, प्रधान रामपाल, महासचिव रामचंद्र, कोषाध्यक्ष रघुबीर, सचिव राय सिंह, सह सचिव राजा राम, प्रेस सचिव राजकुमार, युवा प्रधान सुरेश, युवा उपप्रधान नरेश, युवा महासचिव बलवान आदि मौजूद रहे।

## लोगों को दिनभर गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा

# दिनभर रुक-रुककर होती रही बारिश, जनजीवन अस्त व्यस्त

***दिनभर बारिश का सीधा असर शहर में दिखा। शहर की सड़कों पर बारिश के पानी के नही निकलने से सड़क ही तालाब बन गए। वहीं दिनभर लोगों की आवाजाही भी काफी कम रही।***

*बारिश के साथ चली हवा ने खेतों खड़ी गेहूं की फसल को गिरा दिया। जमीन पर बिछी फसल का सीधा प्रभाव पैदावार पर पड़ेगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मौसम में अचानक आए बदलाव के कारण शहर सहित इलाके में बीते दो दिनों से ठंड के साथ रूक-रूक हो रही बारिश ने परेशानी बढ़ा दी है। शुक्रवार दिनभर बूदांबादी के साथ बदली छाई रही। जिसके चलते लोगों को दिनभर गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। सुबह से रूक रूककर हो रही बारिश ने लोगों को आफत में डाल दिया। बारिश के चलते कपकपा देने वाली ठंड का अहसास होने लगा।

लोगों को गर्म कपड़ों के साथ बरसाती कपड़ों का उपयोग भी करना पड़ा। अचानक मौसम बदलने से लोग दिन और रात में गर्म कपड़ों का उपयोग कर रहे है। दिनभर बारिश का सीधा असर शहर में दिखा। शहर की सड़कों पर बारिश के पानी के नही निकलने से सड़क ही तालाब बन गए। वहीं दिनभर लोगों की आवाजाही भी काफी कम रही। कार्यालयों में आवाजाही कम रही, अधिकारी-कर्मचारी समेत कर्मी भी बारिश के कारण कार्यालयों मे ही दूबके रहे। अन्य मार्गो के साथ मुख्य मार्ग भी बारिश के कारण लोगों को परेशानी बनी रही। बेमौसम बारिश के कारण आम जनजीवन अस्त व्यस्त हुआ ही इसका खासा असर आम लोगों की दिनचर्या पर भी पड़ा। बस स्टैंड सहित आवाजाही वाले प्रमुख इलाकों में लोगों की उपस्थिति काफी कम रही। बारिश के साथ चली हवा ने खेतों खड़ी गेहूं की फसल को गिरा दिया। जमीन पर बिछी फसल का सीधा प्रभाव पैदावार पर पड़ेगा। बारिश से जिला के कई क्षेत्रों में गेहूं की फसल गिर गई है। गिरी हुई गेहूं की फसल की उत्पादकता के साथ ही गुणवत्ता भी प्रभावित होगी। वहीं नीचे के खेतों में खड़ी सब्जियों में भी पानी भरने से नुकसान होगा। किसान रामप्रकाश, जयवीर व भरतू का कहना ह कि गेहूं की फसल लगभग तैयार हो चुकी है। ऐसे में हवा के साथ तेज बारिश होने से अधिकतर गेहूं धरती पर गिर गई है। इससे गेहूं की पैदावार में कमी आने की संभावना है। गेहूं की फसल धरती पर बिछ जाने के कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ है।



कुरुक्षेत्र। खेत में बिछी पड़ी गेहूं की फसल।

### बरसात से प्रभावित फसलों का मुआवजा दे सरकार

एसयूसीआई पार्टी के जिला सचिव कामरेड राजकुमार सारसा व आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला सचिव कामरेड कृष्ण चंद ने हाल ही में हुई बेमौसमी बरसात, तेज आंधी व ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा दे सरकार। दोनों नेताओं ने कहा कि बेमौसमी बरसात, आंधी व ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल व कटी हुई सरसों की फसल, को काफी नुकसान पहुंचा है। इसकी सरकार द्वारा स्पैशल गिरदावरी करवा करके किसानों को हुए नुकसान का सरकार जल्द मुआवजा जारी करें। गेहूं की फसल पूरी तरह से जमीन पर बिछ गई है जिससे उसका दाना पिचक जायेगा। इससे गेहूं के उत्पादन पर असर पड़ेगा। इसी तरह से सरसों की फसल भी खेत में पड़ी रहने से बरसात में झड़ जाती है। जिससे किसानों को काफी घाटा उठाना पड़ेगा। कुछ इलाकों में ओलावृष्टि से भी फसलों को काफी नुकसान हुआ है। क्योंकि पहले ही खेती में लागत खर्च बढ़ने से व मंडी में फसलों के उचित दाम ना मिलने से खेती घाटे का सौदा बन गई है। जिससे किसान कर्ज जाल में फंस जाता है। कर्ज ना चुका पाने के कारण आत्महत्या करने को मजबूर हो जाता है।

# किसानों को सरकार जोड़ रही है आधुनिक संसाधनों से: सुभाष




- हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने एसबी 89 योजना के तहत वितरित किए ट्रैक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि किसानों की आय में इजाफा करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार किसानों को आधुनिक संसाधनों के साथ जोड़ रही है। इस प्रदेश में किसानों को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए योजनाओं को अमलीजामा पहना रही है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से अभी हाल में ही लाडवा अनाज मंडी में इस क्षेत्र के किसानों को आधुनिकतम तकनीकी से रूबरू करवाने के उद्देश्य से पहली बार चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार के माध्यम से एक विशाल किसान मेले का आयोजन भी किया गया।

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शुक्रवार को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की तरफ से थानेसर अनाज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने एसबी89 योजना के तहत कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की तरफ से ड्रा के माध्यम से निकाले गए किसानों को ट्रैक्टर वितरित किए है और हरी झंडी देकर रवाना किया।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर कृषि एवं किसान कल्याण के उपनिदेशक डा. कर्मचंद, मार्किट कमेटी थानेसर के चेयरमैन सुरेश सैनी कूक्कू, वाईस चेयरमैन शशी जैन, मंडी प्रधान दयाल सिंह, पार्षद मुकुंद सुधा, पार्षद मनिंद्र छिंदा, पार्षद सचिन यादव, सहायक कृषि अभियंता राजेश वर्मा, कृषि अधिकारी डा. विनोद कुमार, मंडी सचिव हरजीत सिंह, जरनैल सिंह आदि उपस्थित थे।

# मार्केट कमेटी अध्यक्ष ने अनाज मंडी में स्थित अटल किसान श्रमिक कैंटीन का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

मार्केट कमेटी के अध्यक्ष डॉ. गणेश दत्त ने अनाज मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अनाज मंडी के सभी गेट देखें, जिसमें गेट नंबर 3 को कुछ समय पहले रात के समय एक अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी गई थी, जिसके कारण वह क्षतिग्रस्त हो गया। डॉ. गणेश दत्त ने मौके पर जाकर गेट का मुआयना किया और संबंधित अधिकारियों को उसे तुरंत ठीक करवाने के आदेश दिए। उन्होंने मंडी में लगे सभी गेटों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश दिये। इसके उपरांत उन्होंने अनाज मंडी में स्थित अटल किसान श्रमिक कैंटीन का भी दौरा किया और कैंटीन में लगी महिलाओं से बातचीत की। इस दौरान अटल किसान श्रमिक कैंटीन में लगी मुकेश लता ने बताया कि पिछले 2 दिनों से कैंटीन बंद रही लेकिन अब समस्या का समाधान हो गया है और अन्य दिनों की तरह कैंटीन में खाना बनाया जा रहा है। मुकेश लता ने बताया कि कैंटीन में प्रतिदिन 250 से 300 लोग जिसमें अनाज मंडी में लगे मजदूर, श्रमिक, किसान वह गरीब परिवार खाना खाते हैं। इसलिए यहां प्रतिदिन एक सिलेंडर की आवश्यकता होती है।



लाडवा। मंडी में निरीक्षण करते मार्केट कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर गणेश दत्त व अन्य मार्केट कमेटी के सदस्य।

# 26 लाख से तैयार नए कक्ष विद्यार्थियों को समर्पित शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी : सुभाष कलसाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जंधेड़ी में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए लगभग 26 लाख रुपये की लागत से निर्मित दो नयेकक्षों को विद्यार्थियों को समर्पित किया गया।

इन कक्षों का लोकार्पण भाजपा नेता सुभाष कलसाना और सरपंच संजीव शर्मा ने किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर प्रिंसिपल राजकुमार भाटिया तथा सरपंच संजीव शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इसके बाद अतिथियों ने नवनिर्मित कक्षों का निरीक्षण भी किया।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित संस्कृत ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने वाले विद्यार्थी ओंकार को सुभाष कलसाना द्वारा सम्मानित किया गया। सुभाष कलसाना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और किताबों से दोस्ती ही सफलता की राह खोलती है।



शाहबाद। राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने वाले विद्यार्थी ओंकार को सम्मानित करते सुभाष कलसाना।

#### नए कक्षों का उद्घाटन

विद्यालय के प्रिंसिपल राजकुमार भाटिया ने नये कक्षों के निर्माण में सुभाष कलसाना और सरपंच संजीव शर्मा के सहयोग के लिए उनका आभार जताया। दोनों कक्षों के निर्माण पर करीब 26 लाख रुपये की लागत आई है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से स्कूल मैदान को पक्का करवाने, पंखों, कुर्सियों और टेबल की व्यवस्था जैसी मांगें भी रखी गईं, जिस पर सुभाष कलसाना और संजीव शर्मा ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुपाश्र्व जैन, एडवोकेट विक्रम अटवान और दीपक आनंद ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। मंच संचालन प्रमोद कुमार और बंसी लाल ने संयुक्त रूप से किया।




लाडवा। वैक्सीन के बारे में जानकारी देते वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डीआर कृष्णकांत व उपस्थित स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### एचपीवी वैक्सीन लड़कियों को भविष्य में होने वाली गंभीर बीमारियों से रखती है सुरक्षित : डॉ. कृष्णकांत

**लाडवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, लाडवा में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ कृष्णकांत ने कहा कि सरकार द्वारा यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है, जिसके अंतर्गत एचपीवी वैक्सीन लगाकर लड़कियों को भविष्य में होने वाली गंभीर बीमारियों से सुरक्षित किया जा सकता है। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्णकांत शुक्रवार को एचपीवी टीकाकरण के संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस बैठक में सभी एएनएम एवं आशा कार्यकतार्ओं ने भाग लिया। बैठक के दौरान उपस्थित सभी स्वास्थ्य कर्मियों को एचपीवी संक्रमण एवं इससे होने वाली गंभीर बीमारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# योगासन खेल प्रतियोगिता के विजेता किए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा योगासन खेल संघ की कुरुक्षेत्र शाखा व योगासन भारत के संयुक्त तत्वावधान में व हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य के कुशल मार्गदर्शन में तथा बीआर इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्या पूजा कांबोज के विशेष सहयोग से अस्मिता योगासन खेल योग प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में स्थित बी. आर. इंटरनेशनल विद्यालय के प्रांगण में किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ मंजू शर्मा, विशिष्ट अतिथि विद्यालय के चेयरमैन दीपक चोपड़ा, हरियाणा योग आयोग के सदस्य डा मनीश कुकरेजा, हरियाणा योगासन खेल संघ के महासचिव डॉ. युद्धवीर सिंह, कुरुक्षेत्र योगासन खेल संघ की अध्यक्षा प्रो. डॉ. निरुपमा भट्टी, सचिव राजेश चौहान तथा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित योगासन भारत के मुख्य प्रबंधक राम चावला ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। लीग प्रतियोगिता में 238 महिला प्रतिभागियों ने ऑनलाइन पंजीरण किया। समापन समारोह में कुरुक्षेत्र के जिला सह खेल शिक्षा अधिकारी जसबीर सिंह, वाइस प्रिंसिपल मीनू धवन, विद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी शीतल व हरियाणा योग आयोग के सदस्य डॉ. मनीश कुकरेजा व कुरुक्षेत्र योगासन खेल संघ की अध्यक्षा प्रो. डॉ निरुपमा ने अपने करकमलों से सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।




कुरुक्षेत्र। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते अतिथिगण।



कुरुक्षेत्र। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### मां भद्रकाली को ब्रह्मचारिणी स्वरूप मानकर पूजा अर्चना की

**कुरुक्षेत्र।** मां भद्रकाली शक्तिपीठ, कुरुक्षेत्र में नवरात्रि आनंद महोत्सव के दूसरे दिन भी भक्तजनों की भीड़ उमड़ी और माँ भद्रकाली को ब्रह्मचारिणी स्वरूप मानकर मंत्र पूजा अर्चना की गई। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि ब्रह्मचारिणी में ब्रह्म का अर्थ होता है तपस्या और चारिणी का अर्थ आचरण से है। सर्वप्रथम आज दूसरे दिन प्रातः 6 बजे मंगला आरती में मुख्य पुजारिन माता शिमला देवी ने माँ भद्रकाली को गुड़हल का फूल चढ़ाया। माँ को भोग में चीनी, मिश्री और पंचामृत का भोग लगाया गया व दूध और दूध से बनी मिठाई भी अर्पित की गई। मंगला आरती के मुख्य अतिथि इंजी. जगदीश अरोड़ा रहे। नवरात्रि अन्नपूर्णा भंडारा प्रातः 10 बजे चौधरी सुल्तान सिंह नंबरदार व दोपहर 12 बजे वरुण सैनी, रामदया सैनी द्वारा दिया गया। साथ ही दोपहर 12 बजे का नवरात्र व्रत भंडारा राहुल कपूर, के सी कपूर द्वारा दिया गया। प्रत्येक नवरात्रि में व्रतधारीयों के लिए नवरात्रि व्रत भंडारे का भी आयोजन किया जाता है जिसमें सामक की खीर , कुट्टू के आटे के पकोड़े, आलू भाजी ,दही , फल, चिलाई के लड्डू आदी वितरित किया जाता हैं।

### सांसद नवीन जिन्दल ने जयपुर पोलो ग्राउंड में कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों का किया आत्मीय स्वागत



**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल के निमंत्रण पर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से सैकड़ों लोग वीरवार को दिल्ली के जयपुर पोलो ग्राउंड में आयोजित रोमांचक पोलो मैच का आनंद लेने पहुंचे। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल ने अपने सभी साथियों और समर्थकों का अत्यंत गर्मजोशी और आत्मीयता के साथ स्वागत किया। इस आयोजन ने न केवल खेल प्रेमियों को एकजुट किया गया, बल्कि क्षेत्रीय एकता और जनसंपर्क का भी सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया गया। सांसद नवीन जिन्दल ने इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र की जनता का यह स्नेह और विश्वास उनके लिए सबसे बड़ी पूंजी है। ऐसे आयोजन सामाजिक जुड़ाव को मजबूत करते हैं। इस पोलो मैच की खास बात यह रही कि खेल के दौरान अचानक बारिश शुरू हो गई। हालांकि मौसम की इस चुनौती ने मैच के उत्साह को कम नहीं किया। दोनों टीमों के खिलाड़ी पूरे जोश और समर्पण के साथ मैदान में डटे रहे, वहीं दर्शक दीर्घा में बैठे सैकड़ों दर्शक भी बिना अपनी जगह छोड़े मैच का आनंद लेते रहे। बारिश के बीच खेल का यह अद्भुत नजारा सभी के लिए यादगार बन गया। मैच के समापन के बाद सांसद नवीन जिन्दल ने व्यक्तिगत रूप से अपने समर्थकों और साथियों से मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे सुरक्षित तरीके से अपने घरों की ओर लौटें और सड़क सुरक्षा के नियमों का पूरी तरह पालन करें।

## 9वीं और 11वीं में प्रवेश हेतु आए तीन हजार से अधिक छात्र व अभिभावक

# युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना गुरुकुल का मुख्य उद्देश्य: राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

संस्कारों के अभाव और उचित मार्गदर्शन के अभाव में आज की युवा पीढ़ी भारतीय जीवन मूल्यों से दूर होती जा रही है जो अभिभावकों के साथ-साथ समाज के लिए भी चिंता का विषय है। गुरुकुल शिक्षा पद्धति में छात्रों के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास के साथ-साथ उन्हें मानवीय मूल्यां व वैदिक संस्कारों से पोषित किया जाता है ताकि वह बुढ़ापे में मां-बाप की लाठी बनें और उनकी खूब सेवा करें। उक्त शब्द गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने गुरुकुल ज्योतिसर में आयोजित गुरुकुल शिक्षा उत्सव में पधारे अभिभावकों व छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहे। इस अवसर पर वैदिक विद्वान डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार, गुरुकुल कुरुक्षेत्र के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, जगदीश आर्य, शिवकुमार आर्य, महिन्द्र आर्य, आर्यकुलम के प्राचार्य दिनेश राणा, गुरुकुल ज्योतिसर के प्राचार्य अरूण आर्य, श्रीमती कविता चौधरी व अन्य महानुभाव मौजूद रहे। आचार्य देवव्रत ने कहा कि गुरुकुल में छात्रों का सर्वांगीण विकास होता जिसमें उत्तम स्वास्थ्य, उत्तम शिक्षा और उत्तम विचार मुख्य है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत मिशन को साकार करने की दिशा में गुरुकुल अहम भूमिका निभा रहा है क्योंकि गुरुकुल में बच्चों को अक्षरज्ञान के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों की गतिविधियों से भी अवगत कराया जाता है। उन्हें प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया जाता है, गुरुकुल की अत्याधुनिक गोशाला में पशुपालन की पूरी जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली अक्सर तनाव और अत्यधिक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देती है, जबकि गुरुकुल शिक्षा एक संतुलित, मूल्य-आधारित और तनाव-मुक्त वातावरण प्रदान करती है। उन्होंने एक सशक्त और जिम्मेदार भविष्य पीढ़ी के निर्माण के लिए भारतीय परंपराओं से पुनः जुड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।



कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को संबोधित करते गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत।

#### विद्यार्थी केवल शैक्षणिक सफलता ही नहीं बल्कि जीवन के लिए भी तैयार होते

वैदिक विद्वान डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार ने गुरुकुल शिक्षा प्रणाली की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रणाली भारतीय संस्कृति और परंपराओं में गहराई से निहित है तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास पर बल देती है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था अनुशासन, नैतिक मूल्यों और सशक्त चरित्र का निर्माण करती है, जिससे विद्यार्थी केवल शैक्षणिक सफलता ही नहीं बल्कि जीवन के लिए भी तैयार होते हैं।ुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने अपने उद्बोधन में गुरुकुल की शैक्षिक उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि सत्र 2024-25 में गुरुकुल कुरुक्षेत्र से 13, गुरुकुल ज्योतिसर से 06 तथा गुरुकुल नीलोखेड़ी से 01 छात्र का एनडीए में चयन हुआ है वहीं छात्र आईआईटी में 7 छात्रों ने सफलता हासिल की।

